तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 हसदो नदी से जल लेकर सिद्धेश्वर शिव मंदिर में किए जलाभिषेक



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की प्रेसवार्ता आज

**बैकुण्ठपुर।** राज्य की भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है, इसे लेकर 6 अगस्त को कांग्रेस द्वारा जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन बैकुण्ठपुर में दोपहर 1 बजे से आयोजित की गई है।

### जनदर्शन में 19 आवेदन प्राप्त हुए

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 5 अगस्त को जनदर्शन में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए।

### 250 रूपए मिली अतिरिक्त राशि

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 7 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 250 रूपए की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जाएगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। बहनों के खातों में यह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जारी की जाएगी।

### रेत से लदे ट्रैक्टर दौड़ रहे सड़कों पर, पुलिस मौन

**अनूपपुर।** थाना क्षेत्रांतर्गत रेत माफियाओं की मनमानी पर न तो जिला प्रशासन का डंडा चल रहा है और न ही स्थानीय पुलिस अमला का पहरा असरदार साबित हो रहा है। कलेक्टर द्वारा 30 जून की मध्यरात्रि से 1 अक्टूबर तक समस्त नदी-नालों से रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश के बावजूद, थानाक्षेत्र बिजुरी में अवैध रेत खनन बेरोकटोक जारी है। नगर की सड़कों पर दिन-रात धड़ल्ले से दौड़ती रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां न केवल शासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हैं, बल्कि पुलिस-प्रशासन की निष्क्रियता और संभावित संरक्षण पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यह सिलसिला बिना मिलीभगत के संभव नहीं है। उनके अनुसार पुलिस महज मूकदर्शक बनी हुई है, अब तक न तो रेत लाने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई हुई, न ही किसी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया जा रहा। वहीं दूसरी ओर अवैध परिवहन के चलते शासन को राजस्व का सीधा नुकसान हो रहा है।

### चिरायु टीम के सुदृढ़ीकरण की समीक्षा बैठक

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु टीम के सुदृढ़ीकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने की। बैठक में राज्य शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में जिले में संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों और विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाए तथा गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें उच्च संस्थानों के लिए रेफर किया जाए, जिससे समय पर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी डॉ. अभय जुगल तिर्की, जिला कार्यक्रम प्रबंधक असरफ अंसारी, आरबीएसके टीम के सदस्य, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आवागमन में होती है भारी परेशानी, प्रशासन से पहल की मांग

# कसरा में कीचड़ भरी सड़क से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात के सीजन में जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों की कच्ची सड़क की स्थिति खराब हो जाती है, ऐसी सड़कों से आवागमन करने में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस तरह की स्थिति से जूझ रहे ग्रामीणों को प्रतिदिन कीचड़ भरी सड़क के बीच से होकर आने-जाने की मजबूरी बनती है। इसी तरह का हाल बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम कसरा की है। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम कसरा के खुटरापारा में स्थित कच्ची सड़क जो कि गांव के प्रमुख सड़क में गिनी जाती है। इस बरसात में कसरा खुटरापारा के इस मार्ग में एक जगह पर कीचड़ बन गया है, इसके बीच से होकर प्रतिदिन ग्रामीणों को आना-जाना पड़ता है। इसी मार्ग से होकर ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आना-जाना पड़ता है। थोड़ी दूर तक कच्ची सड़क के कारण पदल चलने वालो के साथ बाइक चालकों को भी भारी परेशानी होती है। जानकारी के अनुसार इस मार्ग से होकर जिला मुख्यायल बैकुंठपुर आना-जाना होता है, वहीं खुटरापारा के लोग इसी मार्ग से होकर बुड़ार की ओर जाते हैं। कुछ तक के लिए ही कच्ची सड़क पर कीचड़ बनी हुई है, जिसका सुधार कार्य करा दिए जाने से आवागमन में परेशानी नहीं होगी। इस ओर पंचायत को ध्यान देने की जरूरत है।





**आमापारा पहुंच मार्ग पर गड्ढे-** बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कंचनपुर से आमपारा जाने के लिए कुछ ही दूरी पर दो-दो मार्ग निकले हैं, इनमें से एक मार्ग के शुरूआत में ही सड़क पर कई गड्ढे हो गए हैं, जहां पर संभल कर चलना पड़ता है, इसके बाद सड़क की स्थिति ठीक है। जानकारी के अनुसार कंचनपुर बुड़ार मार्ग के बीच निकला यह मार्ग ग्राम बुड़ार की सीमा पर मुख्य मार्ग से निकली है जो चारपारा आमापारा की ओर जाती है उसी स्थल से कुछ दूरी पर आमपारा के लिए दूसरी पक्की सड़क निकली है, जिसकी हालत ठीक है।

### प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास तक जाने वाला कच्चा रास्ता बेहाल

**कटगोड़ी।** जिले के ग्राम पंचायत कटगोड़ी के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास तक पहुंचने वाला रास्ता इन दिनों बारिश और कीचड़ के कारण लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। यह छात्रावास मुख्य पक्की सड़क से लगभग 1 किमी भीतर स्थित है और उसी मार्ग पर पावर हाउस भी स्थित है, जहां से आवागमन लगातार बना रहता है।

स्थानीय ग्रामीणों, छात्रावास के स्टाफ, बच्चों, बुजुर्गों और अन्य नागरिकों को दैनिक आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण रास्ता कीचड़ से लथपथ हो गया है, जिससे कई लोग बाइक सहित गिरकर घायल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग वर्षों से उपेक्षा का शिकार रहा है। छात्रावास और पावर हाउस जैसे महत्वपूर्ण संस्थान इस मार्ग पर स्थित होने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने जनहित में जल्द से जल्द पक्की सड़क निर्माण की मांग की है ताकि बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार शिक्षा और आदिवासी बच्चों के हित में योजनाएं तो बना रही है, लेकिन जमीनी सुविधाएं जैसे सड़क न होने से सभी प्रयासों पर पानी फिर रहा है।



# रजत जयंती : जिले में होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 को रजत जयंती वर्ष के रूप में 15 अगस्त से 31 मार्च 2026 तक मनाया जाएगा।

इस ऐतिहासिक अवसर पर पूरे राज्य में गौरव, आत्मावलोकन और संकल्प के साथ विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इसीक्रम में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने विभागवार प्रस्तावित गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा साझा की। शासन से प्राप्त मुख्य प्रस्तावित गतिविधियों में 15 से 19 अगस्त तथा 1 से 6 नवंबर के बीच संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल, लोकनृत्य महोत्सव, शिल्प मेला, कलांजलि, देशभक्ति गीत प्रतियोगिता सहित सभी सांस्कृतिक उत्सवों को रजत जयंती थीम पर आयोजित किया जाएगा। 28 से 31 अगस्त तथा 1 से 7 सितंबर के बीच स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बाल पंचायत, एआई साक्षरता सप्ताह, एलुमिनाई मीट, पुस्तक वाचन दिवस, टीकाकरण अभियान, महतारी सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 20 से 27 अगस्त के बीच पोषण मेला, महतारी सम्मेलन, महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित की जाएगी व 8 से 23 सितंबर को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग टेक फेस्ट, जॉब फेयर, सेमिनार, रजत जयंती पुस्तक मेला जैसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को जोड़ेगा। 1 से 21 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान मेला, हेल्थ क्विज, मेगा हेल्थ कैंप, अंगदान एवं रक्तदान महोत्सव आयोजित होंगे। वहीं 22 से 30 सितंबर के बीच उद्योग विभाग द्वारा कौशल प्रशिक्षण, आईटी, सीएसआर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा और 1 से 12 अक्टूबर के बीच खेलकूद व युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन आदि का आयोजन किया जाएगा।



■ विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने व्यापक तैयारी के निर्देश

13 से 26 अक्टूबर के बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विशेष ग्राम सभा, ग्राम स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता, महिला उद्यमिता मेला और रजत जयंती पंचायत सम्मान जैसे आयोजन होंगे। 27 से 31 अक्टूबर के बीच नगरीय प्रशासन विभाग रजत जयंती वाटिका, शहर समागम, स्वच्छता सप्ताह, रंगोली सजावट प्रतियोगिता और गणेश-दुर्गा उत्सवों को रजत जयंती थीम से जोड़ेगा।

# दिनदहाड़े चोरी की वारदात, नकदी गहनों सहित जरूरी दस्तावेज चोरी

**बैकुण्ठपुर।** जिले के ग्राम पंचायत कसरा अंतर्गत नागडोली में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया।



चोरी की यह घटना अनुपम तिर्की उर्फ चरकू के घर पर घटित हुई, जहां से चोर 16,000 नगद, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की चेन, पायल, कड़ा तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पासबुक, पैन कार्ड और मार्कशीट समेत कुल मिलाकर लगभग 70 से 80 हजार रूपए मूल्य के सामान चोरी कर ले गए। घटना के समय घर के सभी सदस्य काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे और अनुपम तिर्की की पत्नी रपास के ही एक घर में गई हुई थीं। चोरों ने दोपहर के समय सूना घर देख मौका ताड़ते हुए यह वारदात अंजाम दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले में दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा की स्थिति बनी रहती है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे चोरों के हौसले और भी बुलंद हो गए हैं। इस घटना की शिकायत पटना थाना में दर्ज कराई गई है।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवती गंभीर

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल से ड्यूटी कर घर जा रही स्कूटी सवार युवती कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन ने घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार मेण्ड्राकला निवासी खुशबू विश्वकर्मा आ. कलम साय विश्वकर्मा शासकीय अस्पताल में डाटा एंट्री ऑपरेटर का काम करती है। 2 अगस्त की शाम अस्पताल से ड्यूटी कर स्कूटी से घर आ रही थी। जैसे ही मेण्ड्राकला सैनिक स्कूल चौक के समीप पहुंची तभी पीछे से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।

# विद्युत सब स्टेशन का ताला तोड़ 5 मीटर केबल ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

क्षेत्र स्थित एसईसीएल विद्युत सब स्टेशन में देर रात चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया।

■ तीन आरोपी गिरफ्तार

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 2:30 बजे अज्ञात चोरों ने सब स्टेशन का ताला कटर मशीन से काटकर मुख्य परिसर में प्रवेश किया और मेन सर्विस की चालू लाइन से लगभग 5 मीटर मोटा केबिल चोरी कर लिया। चोर यहीं नहीं रूका। उन्होंने बड़े ट्रांसफार्मर के साथ भी छेड़छाड़ की, जिससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत आपूर्ति ठप होने से कोरिया कॉलरी की कॉलोनियों में पूरी रात अंधेरे और मच्छरों के बीच लोगों को गुजारनी पड़ी। विद्युत विभाग के कर्मचारियों को व्यवस्था बहाल करने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। घटना के बाद एसईसीएल प्रबंधन व सुरक्षा अधिकारी जिम्मेदारी से बचते नजर आए। न तो समय पर पुलिस को सूचना दी गई और न ही ठोस बयान सामने आया। सूत्रों के अनुसार संपदा अधिकारी से लेकर सब एरिया मैनेजर तक सभी ने स्थिति को एक-दूसरे पर टालने की कोशिश की। इस मामले में सुरक्षा अधिकारियों की गोल-मोल बातें और संभावित कबाड़ियों से मिली भगत पर भी सवाल उठने लगे हैं। थाना चिरमिरी के मार्गदर्शन में कोरिया कॉलरी चौकी एवं चिरमिरी पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी किया गया लगभग 10,000 मूल्य का केबिल भी बरामद कर लिया गया है।



### आरोपियों की तलाश जारी है

कोरबा जिले से संबंधित एक चोर गिरोह इन दिनों चिरमिरी क्षेत्र में सक्रिय होने की कोशिश में है, लेकिन पुलिस सतर्क है और ऐसे प्रयासों को सफल नहीं होने देगी। पकड़े गए आरोपियों ने गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी दी है, जिनकी तलाश जारी है।

-रामनयन गुप्ता
थाना प्रभारी कोरिया कॉलरी

# हायर सेकेंड्री स्कूल केल्हारी बंद होने की कगार पर

**मनेन्द्रगढ़।** हायर सेकेंडरी स्कूल केल्हारी में शिक्षकों की भारी कमी और प्रशासनिक अनदेखी के चलते विद्यालय के समक्ष अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि व जिला पंचायत अधिवक्ता रामनरेश पटेल ने कलेक्टर एमसीबी को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। श्री पटेल ने ज्ञापन में बताया कि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल केल्हारी में रसायन शास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और संस्कृत जैसे महत्वपूर्ण विषयों के व्याख्याता तक नहीं हैं। यही नहीं प्राचार्य पद, विज्ञान प्रयोगशाला सहायक, व्यायाम शिक्षक, भृत्य और चौकीदार के पद भी रिक्त हैं, इससे छात्रों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस वर्ष से आईटी और हार्डवेयर कोर्स प्रारंभ किया गया है, लेकिन उस विषय के लिए भी कोई शिक्षक उपलब्ध नहीं है, ऐसे में तकनीकी शिक्षा केवल कागजों तक सिमट कर रह गई है। गौरतलब है कि वर्तमान में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भी इसी परिसर में संचालित है, जो कि हायर सेकेंडरी स्कूल केल्हारी के ही यू-डाइस कोड पर पंजीकृत है। आत्मानंद विद्यालय में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता है, जबकि हिंदी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल को उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। कक्षा-कक्ष और संसाधनों की कमी के बावजूद दोनों विद्यालयों में कुल मिलाकर 370 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, जिन्हें दो विपरीत व्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है।



■ स्कूल में शिक्षकों का अभाव

■ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### यू-डाइस कोड अलग किए बिना भर्ती असंभव

सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि इस संदर्भ में पहले भी 30 जून और 10 जुलाई को आवेदन प्रस्तुत किए थे, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विद्यालय का यू-डाइस कोड अलग नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह विद्यालय बंद होने की कगार पर पहुंच सकता है, क्योंकि एक ही कोड पर संचालित दो विद्यालयों में स्वतंत्र भर्ती संभव नहीं है। श्री पटेल ने स्पष्ट कहा कि यदि तत्काल रिक्त पदों की पूर्ति और यू-डाइस कोड पृथक्करण नहीं किया गया, तो छात्रों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा।

### जिले में अब तक 709.2 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 0.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 920.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 4 अगस्त तक जिले में कुल औसत 709.2 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार, तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 765.5 मिमी, खड़गवां में 580.4 मिमी, चिरमिरी में 660.2 मिमी, केल्हारी में 558.1 मिमी, भरतपुर में 770.9 मिमी और कोटाडोल में 920.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# बीएमएस यूनियन का कार्यकर्ता सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ विश्रामपुर यूनियन का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन चरचा कॉलरी स्थित साकेत सदन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में विश्रामपुर, भटगांव, बैकुंठपुर और चिरमिरी क्षेत्रों से 300 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने हिस्सा लेकर श्रमिकों को आगामी रणनीति और आंदोलन की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में शामिल के. लक्ष्मा रेड्डी कोल प्रभारी, भारतीय मजदूर संघ, सुजीत सिंह महामंत्री अखिल भारतीय मजदूर संघ , मजरूल हक अंसारी मानकीकरण समिति सदस्य, संजय सिंह कंपनी सुरक्षा समिति सदस्य, धर्मेन्द्र सिंह अध्यक्ष बीएमएस यूनियन बैकुंठपुर , कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेन्द्र सिंह ने की। सम्मेलन के दौरान बैकुंठपुर क्षेत्र से 18 कर्मचारियों ने अन्य श्रमिक संगठनों से अलग होकर भारतीय मजदूर संघ की विचारधारा से प्रेरित होकर बीएमएस की सदस्यता ली। सभी नवसदस्यों का मंच से स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता के. लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि कोयला क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों, विशेषकर ठेका श्रमिकों को अब भी उचित वेतन, आवास और चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ की मांग पर ही दुर्घटना बीमा में श्रमिकों को 1 करोड़ तक की राहत मिली है और ठेका श्रमिकों के लिए 50 लाख का बीमा, ड्रेस कोड, जनरल असिस्टेंट पदनाम जैसे बदलाव संभव हो पाए। अब हम ठेका मजदूरों की हाईपावर कमेटी के अनुसार भुगतान, आवास सुविधा और चिकित्सा अधिकारों के लिए आंदोलन करेंगे। उन्होंने बताया कि यह आंदोलन चार चरणों में पूरे कोल इंडिया क्षेत्र में चलेगा, जिसकी शुरूआत 23 अगस्त से होगी और 17 सितंबर तक चरणबद्ध रूप से अंतिम छोर तक पहुंचाया जाएगा। महामंत्री सुजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा ⏭ शेष पेज 4 पर

■ 23 अगस्त से 17 सितंबर तक होगा चरणबद्ध आंदोलन

### जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए

# मिठाई दुकानों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं से लिए गए नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य शासन एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम एवं सुरक्षित खाद्य सुनिश्चित करने के लिए पूरे प्रदेश में विशेष अभियान बने खाबो-बने रहिबो चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में कोरिया जिले में भी 4 से 6 अगस्त तक स्ट्रीट फूड वेन्डर्स, रेस्टोरेंट्स, मिठाई दुकानों एवं अन्य खाद्य प्रदायकों की सघन जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मिठाई और खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र किए हैं। इनमें गणपति बिकानेर स्वीट्स, पटना से नारियल लड्डू और काजू कतली, बिकानेर स्वीट्स भंडार, आदर्श चौक, पटना से गोंद लड्डू, छप्पन भोग, जमगहना से बेसन लड्डू, मामाजी स्वीट्स से बूंदी और दिव्यांश स्वीट्स, खरवत से बेसन बर्फी शामिल हैं। सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, ⏭ शेष पेज 4 पर



जांच करते अधिकारी।

### मिष्ठान दुकानों में जांच की कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** रक्षाबंधन का त्यौहार आ रहा है। बाजार की मिठाई दुकानों पर मिलावटी खोआ व दूध की बनी हुई मिठाई बिक रही हैं। साथ ही अंचल में भी मिलावटी व सिंथेटिक दूध से मावा व पनीर बनाने का काम तेज हो गया है। स्थानीय खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई शुरू की है और सैंपल ले रहा है।

उल्लेखनीय है कि त्योहारी सीजन पर मिलावटी दूध तैयार करने व मिलावटी दूध से खोआ व अन्य खाद्य पदार्थों को तैयार करने का काम तेजी से शुरू हो जाता है और अन्य दिनों की तुलना में मिलावटी खाद्य पदार्थ अधिक बनाए जाते हैं, इसलिए विभाग ने त्यौहार पर मिलावटी चीजों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान शुरू किया है। राज्य शासन एवं दीपक कुमार अग्रवाल आईएएस नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छग के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु को ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में मना ग्रीन डे सेलिब्रेशन

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम की थीम के अनुसार सभी ग्रीन ड्रेस में स्कूल पहुंचे थे। कार्यक्रम में सीनियर विंग के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। मेहंदी प्रतियोगिताओं में क्रीति गुप्ता, अलफिया नूरी, साजिया एवं सौम्या सिंह वहीं राखी मेकिंग प्रतियोगिता में प्रियांशी अग्रवाल एवं दीप्ति मिश्रा उत्कृष्ट रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में असिफा फिरदौसी ने प्रथम एवं प्रसुका द्विवेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता में रौनक परवीन प्रथम तथा दीप्ति मिश्रा द्वितीय स्थान पर रही। पॉट मेकिंग प्रतियोगिता में अदिति मिश्रा एवं अपेक्षा राजवाड़े वहीं ज्वेलरी डिलाईनिंग प्रतियोगिता में सृष्टि अग्रवाल तथा शिक्षा चटर्जी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उप प्राचार्य तहसीन अहमद खान ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि ग्रीन डे का उद्देश्य न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है, बल्कि विद्यार्थियों में पेड़-पौधों और हरियाली के प्रति संवेदनशीलता को भी विकसित करना है। विद्यालय का यह प्रयास न केवल एक उत्सव था बल्कि एक स्वस्थ और हरा-भरा भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने की प्रेरणा थी।

### लवकुश जयंती को लेकर कुशवाहा समाज की बैठक



**भैयाथान।** कुशवाहा समाज द्वारा भगवान कुश की जयंती धूमधाम से 14 अगस्त को सूरजपुर स्थित हीरालाल साधुराम सेवा कुंज में मनाई जाएगी। कुशवाहा युवा एकता सेवा कल्याण मंच व कोइरी कुशवाहा समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां जोरों पर है। अभी तक 10 से अधिक गांवों में बैठकें हो चुकी है। इस कड़ी में करौंदामुड़ा में बैठक हुई जिसमें समारोह की रूपरेखा तय की गई सदस्यों से सुबह 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर सपरिवार उपस्थित होने के लिए कहा गया।

## बाजार में 5 रुपए से लेकर 5 सौ तक की हैं राखियां

# रक्षाबंधन के लिए शहर में सजी राखी की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाई-बहन के अटूट बंधन का पर्व रक्षाबंधन 9 अगस्त को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। रक्षा बंधन पर्व को लेकर बाजार में दुकानें सज चुकी है जहां बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंच रहे है। बाजार में खरीदारी करने के लिए अब लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है जिससे ग्राहकों के आने से बाजार में रौनक आ गई है। व्यापारियों ने पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष पहले से ही विभिन्न वैरायटी के आकर्षक राखियां का स्टॉक मंगा कर रखा है।

**खास बात**
- बाजार में रौनक, खरीदारी करने उमड़ी लोगों की भीड़

राखी पर्व को लेकर शहर के स्कूल रोड, देवीगंज रोड़, घड़ी चौक, दुर्गा बाड़ी के अलावा मुख्य मार्ग किनारे कई जगह बड़ी संख्या में राखी दुकान लगाई गई है जहां बड़ी संख्या में बहनों की भीड़ राखी लेने पहुंच रही है। हालांकि कुछ दिन पूर्व दुकानों में गिने चुने ही ग्राहक आ रहे थे परंतु जैसे ही रक्षा बंधन का त्यौहार नजदीक आ रहा है वैसे ही दुकानों में भीड़ उमड़ने लगी है। इधर भाई की कलाई में कौन सी राखी अच्छी लगेगी इसके लिए बहने काफी समय दुकान में राखियां पसंद करते नजर आते है। दुकान संचालकों ने बताया कि राखियों की कीमतों में कुछ ज्यादा फर्क नहीं आया है। हालांकि कुछ नई फैशन की राखियों कीमते बढ़ी है। दुकान में 5 रुपए से लेकर 5 सौ रूपए तक की राखियां है जबकि ज्वेलर्स दुकान में एक हजार तक की राखियां मंगाई गई है। दुकान संचालकों के मुताबिक दोपहर में ग्राहकों की भीड़ कम होती है लेकिन शाम के समय ग्राहकों की अच्दी भीड़ होने से बाजार में रौनक आई है। शहर के स्कूल रोड़, देवीगंज रोड में जाम की स्थिति निर्मित होती रही। हालांकि रक्षा बंधन त्यौहार को लेकर यातायात पुलिस की तैनाती की गई है जो यातायात बहाल करने में लगे हुए है। राखी दुकान के अलावा शहर के लगभग सभी कपडा दुकानों में लोग रक्षाबंधन पर्व को लेकर नए परिधान की खरीदी के लिए पहुंच रहे है। दुकान संचालकों ने पर्व को लेकर नए कपड़ों की वैरायटी मंगा रखे है। दुकान में बड़ों की अपेक्षा बच्चों के कपड़े खरीदने में लोग अधिक रुचि ले रहे है।


राखी की खरीददारी करते करते लोग।

**लोगों के सेहत से खिलवाड़**

रक्षा बंधन में राखी के अलावा सबसे अधिक बिक्री मिष्ठान की होती है। ऐसे में होटल संचालक सहित अन्य संस्थान के लोग पहले से ही स्टाक जमा कर रखे है। हैरानी की बात यह है की मिष्ठान की अधिक बिक्री होने के बावजूद खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम मिष्ठान की गुणवत्ता व शुद्धता जांचने किसी भी संस्थान की जांच नहीं की। जबकि होटलों के अलावा गुदरी बाजार में भी बड़ी संख्या में मिष्ठान की दुकान सजा रखे है। ऐसे यह कहना गलत नहीं होगा की खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा खुली छूट दे रखी है जो लोगों के सेहत से खिलवाड़ करने में लगे हुए है।

# सूरजपुर डीईओ ने चार निजी स्कूल के प्राचार्यों को भेजा कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने जिले के चार निजी स्कूल प्राचार्यों को शिक्षा गारंटी योजना की राशि में गड़बड़ी के गंभीर आरोपों के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है।सूत्रों की मानें तो शिक्षा विभाग को यह संदेह है कि कुछ निजी स्कूल के प्राचार्यों ने नोडल प्राचार्य का आईडी व पासवर्ड हैक करके राज्य शासन की शिक्षा गारंटी के प्रतिपूर्ति राशि के पोर्टल में अनाधिकृत रूप से लॉगिन कर पहले ही दावा राशि का सत्यापन कर दिया गया है,इस कृत्य को विभाग ने घोर अनुशासनहीनता व धोखाधड़ी की श्रेणी में माना है। सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से इंडियन पब्लिक हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल मानी,गुरुकुल पब्लिक हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुरुवां, ओमकार पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोरेया, ज्ञानगंगा पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुरुवां के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। इन संस्थाओं पर आरोप है कि उक्त संस्थाओं में 31 जुलाई 2025 को खुले पोर्टल में नोडल प्राचार्य की अनुमति या जानकारी के बिना दावा सत्यापन कर दिया गया है, जिससे राज्य सरकार के राजस्व और पारदर्शिता नीति को नुकसान पहुंचा है। ज्ञात हो कि शासन द्वारा निर्धन विद्यार्थियों की पढ़ाई में मदद के लिए निजी स्कूलों को छात्रवृत्ति व अन्य अनुदान की प्रतिपूर्ति दी जाती है। इसके लिए स्कूलों को ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन देना होता है, जिसका सत्यापन नोडल प्राचार्य के माध्यम से होता है। इस पूरे सिस्टम में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया है जिसमें किसी अन्य व्यक्ति के लॉगिन आईडी, पासवर्ड से छेड़छाड़ करना साइबर क्राइम के दायरे में आता है। डीईओ सूरजपुर द्वारा जारी नोटिस में उल्लेखित है कि यदि संबंधित स्कूल प्राचार्यों द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता है तो उनकी शिक्षा की गारंटी योजना की प्रतिपूर्ति राशि की फाइलें उच्च कार्यालय को भेजी ही नहीं जाएंगी। ऐसे में कई लाख रुपए की आरटीई सहायता राशि का भुगतान रुक सकता है। प्राप्त जानकारी अनुसार नोडल प्राचार्य के लॉगिन डिटेल्स का दुरुपयोग हुआ है जो कि केवल अनुशासन का उल्लंघन नहीं बल्कि साइबर अपराध भी है।

- नोडल प्राचार्य की पोर्टल आईडी से छेड़छाड़ कर समय से पूर्व दावा राशि सत्यापन करने के लग रहे आरोप

# सफाई के बाद सड़क किनारे छोड़ रहे कचरा, उठाव नहीं होने से लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

एक तरफ निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे है तो वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। सफाई अभियान में बरती जा रही लापरवाही के कारण जगह जगह कचरे का अम्बार लगा हुआ है। बारिश के समय सड़कों पर फैली गंदगी और जमा कचरे के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। समय पर कचरा उठाव नहीं होने व साफ सफाई की कमी के कारण लोगों में रोष है। गौरतलब है कि नगर में सफाई अभियान को लेकर बरती जा रही लापरवाही के कारण नगर में कचरे का अंबार लग गया है। जगह जगह कचरा जमा होने व बारिश के कारण दुर्गंध की समस्या बढ़ गई है। नगर में व्याप्त गंदगी की वजह से लोगों के स्वास्थ्य एवं जीवनशैली पर बुरा प्रभाव पड़ने लगा है। सफाई अभियान में बरती जा रही लापरवाही के कारण नगर के कई वार्डो में गंदगी का ढेर लगा हुआ है। सफाईकर्मियों की लापरवाही की वजह से स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों पर भी असर पड़ रहा है। इसका प्रमुख कारण यह है कि नपं के कर्मचारी सफाई करने के बाद कचरा उठाने की बजाए उसे एक किनारे छोड़ देते है।

- दुर्गंध और गंदगी से लोगों को उठानी पड़ रही समस्या



# पुलिस ने अपहृत बालिका को उत्तर प्रदेश से बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

परीक्षा देने गई बालिका के अचानक लापता हो जाने के मामले में जांच कर रही पुलिस टीम ने लखनऊ उत्तर प्रदेश से अपहृत बालिका को बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक प्रेमनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत निवासी एक व्यक्ति ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग पुत्री घर से परीक्षा देने गई थी जिसके बाद घर वापस नहीं लौटी। गांव सहित परिचित के यहां काफी खोजबीन करने पर नहीं मिली। परिजन ने अज्ञात द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की आशंका जताई।

- परीक्षा देने गई थी बालिका







# सारे जहां से अच्छा में भारत पाकिस्तान संघर्ष की झलक

**मुंबई।** प्रतीक गांधी स्टारर जासूसी वेब सीरीज 'सारे जहां से अच्छा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोमवार को यह ट्रेलर नेटफ्लिक्स इंडिया ने रिलीज किया है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच ड्रामा और परमाणु संघर्ष की झलक दिखाई गई है। 'सारे जहां से अच्छा' 13 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ट्रेलर में प्रतीक गांधी ने भारत के रॉ एजेंट का किरदार निभाया है। उन्हें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में तैनात किया गया है। वह पाकिस्तान में होने वाली परमाणु गतिविधि को रोकने की कोशिश करते हैं। इस दौरान उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है। प्रतीक गांधी जैसे ही पाकिस्तान में राजनयिक मामलों के करीब पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट से होती है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## रोमियो में शाहिद के साथ आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शाहिद कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म रोमियो को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज कर रहे हैं। फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। इस फिल्म के साथ अब तमन्ना भाटिया का नाम जुड़ गया है। अभिनेत्री इसमें अहम किरदार निभा सकती हैं।

एक्शन-थ्रिलर फिल्म में तमन्ना भाटिया अहम किरदार निभाएंगी। बताया जाता है कि यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। इससे पहले खबरें थीं कि फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ती डिमरी होंगी। अब इस फिल्म से तमन्ना का भी नाम जुड़ गया है। यह पहला मौका है जब शाहिद कपूर तृप्ति डिमरी के साथ किसी फिल्म में काम करेंगे। दोनों एक -दूसरे के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वहीं, दूसरी तरफ दावा है कि तमन्ना भाटिया ने इस फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म अपने आखिरी चरण में है। बताया जाता है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की अब तक की सबसे बड़ी कमर्शियल फिल्म है। फिल्म में शाहिद ऐसा किरदार निभा रहे हैं जिनके कई रंग हैं। दिशा पाटनी भी इस फिल्म का हिस्सा होंगी। विशाल भारद्वाज 7 खून माफ, हैदर, कमीने, पटाखा और खुफिया जैसी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला है। फिल्म रोमियो का नाम पहले अर्जुन उस्तरा था। बताया यह भी जाता है कि रिलीज से पहले फिल्म का जोर-शोर से प्रचार किया जाएगा। फिल्म का पोस्टर सितंबर के अंत तक आएगा।

हॉलीवुड मसाला



# मीट द पैरेंट्स का करेंगे चौथा पार्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट डी नीरो 81 साल के होने के बावजूद भी फिल्मों में सक्रिय है। जल्द ही वह फिल्म मीट द पैरेंट्स के चौथे पार्ट में नजर आएंगे। साल 2000 में रिलीज हुई इस फिल्म में भी उन्होंने ही लीड रोल निभाया था। रॉबर्ट डी नीरो की नई फिल्म का टाइटल भी बदला गया है। रॉबर्ट डी नीरो और बेन स्टिलर स्टारर मीट द पैरेंट्स फ्रैंचाइज की चौथी फिल्म का टाइटल 'फॉकर इन-लॉ'रखा गया है। इस फिल्म का डायरेक्शन जॉन हैम्बर्ग ने किया है। जॉन ने ही पहली तीन फिल्मों की राइटिंग में भी बतौर को-राइटर काम किया था।



# किसी के दांत तो किसी के पैर पर है कॉपीराइट

**लॉस एंजिल्स।** ग्लैमर की दुनिया में दिखावा आम है, जहां सुंदरता बनाए रखने के लिए सर्जरी का सहारा लिया जाता है। कई हॉलीवुड सितारों ने अपने शरीर के अंगों का बीमा कराया है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी मुस्कान, जेनिफर लोपेज और किम कार्दशियन ने अपने बट का बीमा कराया है। मॉडल हेइडी क्लम ने कथित तौर पर अपने पैरों का 2.2 मिलियन डॉलर का बीमा कराया है। यानी अगर कोई उनके जैसी टांगें पाने की कोशिश करेगा तो उसे ये कीमत चुकानी होगी। हॉलीवुड स्टार किम कार्दशियन ने भी अपने बट का 21 मिलियन डॉलर का बीमा कराया था। मशहूर पॉप स्टार रिहाना ने भी अपने पैरों का बीमा कराया है। उन्हें 'लेग्स ऑफ गॉडेस' का अवॉर्ड भई मिला था। उन्होंने 1 मिलियन डॉलर का इंश्योरेंस कराया है।



# एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए लौटीं भारत

**मुंबई।** बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी से सभी के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती के साथ भारत लौट आई हैं। सोमवार सुबह उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर अपनी बेटी मालती की प्यारी तस्वीरें शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। कथित तौर पर प्रियंका एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए हैदराबाद आई हैं। प्रियंका ने आज सुबह सोमवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जो हैदराबाद की हैं। एक तस्वीर में मालती कार की खिड़की से बाहर देख रही हैं। तो वहीं दूसरी तस्वीर में मालती के नन्हें पैर दिखाई दे रहे हैं। प्रियंका ने इस पोस्ट के साथ हैदराबाद पहुंचने की बात कही और कैप्शन में लिखा, 'मां और मालती।' एक और तस्वीर में प्रियंका ने लिखा, 'हैदराबाद हमने कर लिया।'



# एआई की मदद से बनाई रामायण सीरीज

**नई दिल्ली।** रामायण पर इतने टीवी शोज, फिल्में और एनिमेटेड फिल्में बन चुकी हैं, जिनका कोई हिसाब नहीं है। इतना ही नहीं, इस पर लगातार फिल्में बन भी रही हैं। इन दिनों मशहूर बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर भी रामायणम् नाम की फिल्म के लिए लगातार काम कर रहे हैं, जो दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। इसका पहला पार्ट अगले साल और दूसरी पार्ट 2027 में रिलीज किया जाएगा। इसी बीच, 'रामायण' जल्द आने वाली एक सीरीज का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है, जो एआई की मदद से बनाई गई है और समस्या ये हो गई कि बहुत से लोगों ने इसे रणबीर की 'रामायणम' का ट्रेलर समझ लिया, जबकि सीरीज 'रामायण'के मेकर्स ने ट्रेलर के साथ कैप्शन में क्लियर कर दिया है कि ये उनकी अपनी ऑरिजनल सीरीज है, जिसे एआई द्वारा तैयार किया गया है।

टीवी मसाला

# बिग बॉस में हो सकती है तारक मेहता की एंट्री

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 के लिए शैलेश लोढ़ा को अप्रोच किए जाने की खबर है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' धारावाहिक के साथ सालों तक जुड़े रहे शैलेश का सीरियल से कॉन्ट्रोवर्शियल एग्जिट हुआ था। शैलेश लोढ़ा का अचानक शो से हटना काफी चर्चा में रहा था जिसके बाद में एक्टर ने इस बारे में खुलकर अपनी राय भी रखी। इससे पहले इस तरह अचानक शो से हटाए गए कुछ अन्य एक्टर्स को भी बिग बॉस में जगह मिल चुकी है। लेकिन क्या शैलेश लोढ़ा सलमान खान होस्टेड रियलिटी शो में आने के लिए हामी भरेंगे? माना जा रहा है कि इस तरह के शो में उनकी खास रुचि नहीं है, लेकिन फिर भी मेकर्स अभी उनकी हां या फिर ना का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोढ़ी का किरदार निभा चुके गुरुचरण सिंह को बिग बॉस हाउस में लाने की खबर आई थी। मालूम हो कि बिग बॉस का यहां यह 19वां सीजन है, तो उस हिसाब से मेकर्स ने शो में काफी सारे नए बदलाव भी किए हैं जिनमें इस बार शो में रखी जा रही राजनीति वाली थीम भी शामिल है, देखना होगा कि पब्लिक का इसे कैसा रिस्पॉन्स मिलता है।



## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में पक्की हुई इन 2 एक्टर्स की जगह

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अहम किरदार निभा रहे एक्टर हितेन तेजवानी और ऋतु चौधरी को शो की परमानेंट कास्ट बना दिया गया है। शो में हितेन तेजवानी तुलसी के बेटे करण विरानी का किरदार निभाते हैं और गौरी प्रधान तुलसी की बहू नंदिनी का किरदार निभाती हैं। इसके अलावा ऋतु चौधरी को शो में शोभा का किरदार दिया गया है। पिछले दिनों जब शो में करण और नंदिनी को विदेश जाने वाला प्लॉट आया तो ऐसा माना जाने लगा कि शो से इन किरदारों को हटाया जा रहा है। अब एक ताजा जानकारी में ऐसा सामने आया है कि हितेन तेजवानी, गौरी प्रधान और ऋतु चौधरी के किरदार की शो में जगह पक्की कर दी गई है। बता दें कि करण, नंदिनी और शोभा तीनों ही शो के कुछ सबसे पॉपुलर किरदारों में गिने जाते हैं। शो का दूसरा सीजन शुरू हुआ है तो इसमें भी तीनों एक्टर्स को काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है।



# सैयारा की 300 करोड़ी क्लब में हुई एंट्री...

**मुंबई।** अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा ने 300 करोड़ी क्लब में एंट्री ले ली है। यह कारनामा फिल्म ने सोमवार को 18वें दिन कर दिखाया है। फिल्म विदेशों में भी धमाल कर रही है और वर्ल्डवाइड यह 400 करोड़ी क्लब का हिस्सा बन चुकी है। वहीं, भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह 300 करोड़ी फिल्मों वाली लिस्ट में नाम दर्ज करा चुकी है। फिल्म सैयारा ने रविवार को 17वें दिन आठ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 300.11 करोड़ रुपए हो गया है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा 300 करोड़ी कुनबे में शामिल होने वाली ऐसी पहली फिल्म है, जिसमें नए सितारे हैं। वहीं, यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी यह पांचवी फिल्म है, जो 300 करोड़ी बनी है। सबसे तेज 300 करोड़ कमाने के मामले में फिल्म सैयारा ने वॉर, बजरंगी भाईजान और सुल्तान जैसी फिल्मों को धूल चटा दी है। वॉर ने 19 दिन में 300 करोड़ रुपए कमाए थे। वहीं, बजरंगी भाईजान ने 20 दिनों में और सुल्तान ने 35 दिनों में यह कारनामा कर दिखाया था।



# 21वीं सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की सूची में पैरासाइट नंबर एक पर

**नई दिल्ली।** हाल ही में 21वीं सदी (2000 के बाद) की सबसे बेहतरीन 100 फिल्मों की सूची जारी की गई है, जिसमें दुनियाभर के 500 से अधिक निर्देशकों, कलाकारों और क्रिटिक्स ने अपनी पसंदीदा फिल्मों को वोट किया। इस सर्वे में दुनियाभर के लोगों की पसंद, सिनेमा लवर्स और फिल्म मेकर्स के नजरिए को शामिल किया गया। इस सूची में ज्यादातर हॉलीवुड की फिल्में शामिल हैं।

***पहले नंबर पर है पैरासाइट :*** इस सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की लिस्ट में 1 जनवरी, 2000 के बाद से रिलीज हुई फिल्में शामिल हैं। इसमें कई ऑस्कर विनिंग फिल्में भी शामिल हैं। इस लिस्ट की टॉप पर सबसे ऊपर है पैरासाइट, जो साल 2019 में आई थी। बोंग जू एन की यह फिल्म गरीबी, वर्गीय विभाजन और सामाजिक संरचना पर तीखे व्यंग्य के जरिए कहानी कहती है। अमेरिकी इंडस्ट्री इसे 21वीं सदी की अब तक की सबसे प्रभावशाली फिल्म मानती है।



### टॉप पांच में शामिल रहीं ये फिल्में

अब अगर इस लिस्ट की टॉप 10 फिल्मों की बात करें तो, नंबर 1 पर पैरासाइट, फिर – डेविड लिंच की स्यूरेल थ्रिलर मूलोलैंड ड्राइव जो साल 2001 में रिलीज हुई थी। तीसरे स्थान पर साल 2007 में आई फिल्म- थेर विल बी ब्लड है जिसको पॉल थॉमस एंडरसन ने डायरेक्ट किया है। अगले नंबर पर फिल्म इन द मूड फॉर लव- वोंग कर-वाइ की शांति भरी प्रेम कहानी है। पांचवें स्थान पर साल 2016 की फिल्म मूनलाइट है।

### टॉप 10 में शामिल रहीं ये फिल्में

अब सातवें, आठवें और आखिरी दो फिल्मों की बात करें तो लिस्ट में बूढ़ों के लिए कोई देश नहीं (2007), धुंधले दिमाग का शाश्वत प्रकाश (2004), गेट आउट (2017), स्पिरिटेड अवे (2001) – मियाजाकी की एनीमेशन मास्टपिस, द सोशल नेटवर्क (2010) टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में सफल रही हैं। नंबर 1 पर काबिज फिल्म पैरासाइट को न केवल क्रीटिक्स ने सराहा है, बल्कि रोटेन टोमेटोज पर इसे 97% सकारात्मक रिव्यू मिले हैं और यह फिल्म ने कुल 4 ऑस्कर (बेस्ट पिक्चर सहित) जीत चुकी है।

## देश की सुरक्षा के लिए एक अंडर कवर एजेंट के रूप में करती है काम

# इन फिल्मों में दिखाया गया कामकाजी महिलाओं का संघर्ष

***नई दिल्ली।** कामकाजी महिलाओं की मेहनत, समर्पण और पेशेवर कामयाबियों को मान्यता देने के लिए पूरी दुनिया में 'सिंगल वर्किंग वुमेन डे' मनाया जाता है। बॉलीवुड ने इस विषय को प्रमुखता से कवर किया है। बॉलीवुड की कई फिल्में हैं जो कामकाजी महिलाओं की कहानी दिखाती हैं।*

**तुम्हारी सुलु :** साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'तुम्हारी सुलु' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जो रेडियो जॉकी होती है। इस किरदार को विद्या बालन ने निभाया है। वह एक महत्वाकांक्षी गृहणी होती हैं, जो रात को प्रसारित होने वाले रिलेशनशिप सलाह शो में लोगों को सलाह देती हैं। फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया था। इस फिल्म को दुनियाभर में खूब सराहना मिली।

**नाम शबाना :** साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'नाम शबाना' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंडर कवर एजेंट के रूप में काम करती है। इस किरदार को तापसी पन्नू ने निभाया है। तापसी पहले अपने साथ हुए अत्याचार करने वालों से बदला लेती हैं, उसके बाद देश के लिए काम करती हैं। शिवम नायर के निर्देशन में बनी यह फिल्म हिट रही थी।



***मर्दानी** : साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'मर्दानी' में एक महिला पुलिस अधिकारी की कहानी दिखाई गई है जो अपना काम पूरी मेहनत और लगन से करती हैं। इस किरदार को रानी मुखर्जी ने निभाया है। रानी मुखर्जी एक अपहृत किशोरी की तलाश करती हैं। इस दौरान वह मानव तस्करी के रहस्यों को उजागर करती हैं। फिल्म का निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया है। 16 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 57 करोड़ रुपएकमाए थे।*

**कहानी :** फिल्म 'कहानी (2012)' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जिसके पति को कुछ अपराधी जान से मार देते हैं। इस किरदार को विद्या बालन ने निभाया है। विद्या बालन कोलकाता में आती हैं और अपने पति के अपराधियों को ढूंढ कर उनसे बदला लेती हैं। यह एक तरह से उनका काम है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म को काफी सराहा गया। 8 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 1.04 अरब रुपए कमाए।

**थप्पड़ :** फिल्म 'थप्पड़ (2020)' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है जो पढ़ी-लिखी होती है। वह ऑफिस में काम करने के बजाय घर में काम करना चुनती है। हालांकि, एक दिन जब उनका पति उनको थप्पड़ मार देता है तो तब कहानी बदल जाती है। फिल्म में तापसी पन्नू ने बहुत अच्छा किरदार निभाया है। तापसी पन्नू चाहती हैं कि उनके काम को अहमियत दी जाए, उन्हें इज्जत दी जाए। लेकिन, उनके पति उन्हें घर में काम करने वाली एक अदना सी औरत से ज्यादा नहीं समझते हैं। हालांकि, फिल्म के आखिर में उनका पति उनके काम को अहमियत देता है और माफी मांगता है।

## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**सोनहत।** नई दिल्ली के निर्देशानुसार पीजी कॉलेज अंबिकापुर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 2025-26 में संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घुघरा (सोनहत) के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक विजेता छात्र एवं खेल विवरण में ओमकार सिंह 200 मीटर दौड़, सविता 400 मीटर दौड़, प्रमिला 100 मीटर बाधा दौड़, गौरव प्रताप सिंह तवा फेंक, भविष्य सिंह गोला फेंक, प्रियंका सिंह 800 मीटर दौड़,रिचा 3000 मीटर पैदल चाल, रिले रेस (100 मीटर) ओमकार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, राजकुमार, रोहित कुमार, रिले रेस (400 मीटर) प्रमिला, रिया, प्रमिला आयाम, प्रियंका सिंह विद्यालय के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि प्रधानाचार्य वीके सिंह के कुशल नेतृत्व, कोच शिक्षक अजय एवं मैडम श्रीमती शकुंतला के सतत प्रशिक्षण और प्रेरणा का प्रतिफल है। विद्यालय के समस्त स्टाफ का भी इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रधानाचार्य वीके सिंह ने सभी विजयी विद्यार्थियों और प्रशिक्षकों को इस शानदार सफलता पर बधाई दी।

### लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चिन्हित ग्रामों में निवासरत जनजातीय परिवारों को शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ हर हाल में समय-सीमा में प्रदान किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड, वय

## सावन के आखिरी सोमवार को कटगोड़ी क्षेत्र में चारों तरफ हर-हर महादेव की गूंज

# हसदो नदी से जल लेकर सिद्धेश्वर शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज. कटगोड़ी

सावन के आखिरी सोमवार को कटगोड़ी क्षेत्र में चारो तरफ हर हर महादेव की गूंज देखी गई। कटगोड़ी के मंदिर में सनातन गौरव मंच के सदस्यों सहित काफी संख्या में ग्रामीण कांवर यात्रा में शामिल हुए और भोलेनाथ का अभिषेक कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। कटगोड़ी के कार्यक्रम में बाबा मानस परिवार एवं सनातन गौरव मंच के संयोजक मानोज साहू की अहम भूमिका देखी गई। वहीं क्षेत्र के लोगों ने मिलकर जल चढ़ाया और भोग भंडारे का वितरण भी किया गया।

■ कटगोड़ी में भव्य शिव तांडव की प्रस्तुति

कांवर यात्रा के दौरान भीड़ इतनी ज्यादा उमड़ गई कि कटगोड़ी चौक लगभग घंटेभर जाम रहा सड़क के दोनों साइड वाहनों की लंबी कतारें लग गई, कटगोड़ी चौक के पास ही शिव तांडव की प्रस्तुति दी गई। इसमें पूरे कटगोड़ी ग्राम के लोग झूम उठे और पूरे कार्यक्रम को खूब सराहा। क्षेत्र में पहली बार किसी कार्यक्रम में इतनी भीड़ उमड़ी थी। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में लगातार चर्चा होती रही, कार्यक्रम में सनातन गौरव मंच के मनोज साहू, रूद्र साहू, राजू साहू, दीपक जायसवाल, भीम राजवाड़े मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, रमेश ,तिवारी, सुरेश राजवाड़े, जय प्रकाश राजवाड़े, समय लाल कमलवंशी,



दिलीप राजवाड़े,चिराग तिवारी मानस परिवार समिति से राजेश्वर बाबा साहू, निलेश साहू, विकास साहू, अशोक साहू, दिनेश साहू, किशन साहू, संतोष यादव हिमांशु गुप्ता सहित मानस परिवार के अन्य लोग शामिल रहे। कटगोड़ी कांवर यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी जनपद अध्यक्ष आशा सोनपाकर जनपद सदस्य कमलकांत, अलेश्वरी गौतम, सोनिया राजवाड़े सहित कई जनपद सदस्य शामिल रहे। कटगोड़ी क्षेत्र का आयोजन काफी भव्य रहा। यहां पर शिव तांडव सहित कई मनमोहक प्रस्तुतियां भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में कटगोड़ी सहित आसपास क्षेत्र के लोग उमड़ पड़े। सनातन गौरव मंच के संयोजक मनोज साहू ने कहा कि अब प्रतिवर्ष सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में कांवर यात्रा निकाली जाएगी। लोक कल्याण के उद्देश्य से भगवान से सभी के सुखमय जीवन की कामना की जाएगी, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सुनील मनिकपुरी की शानदार भक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी गई।



# सावन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

सावन के महीने में सिद्ध बाबा सरकार का अभिषेक करने रोजाना सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते रहे, वहीं अंतिम सावन सोमवार को यहां मेले जैसा वातावरण देखने को मिला। हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने भगवान शिव का अभिषेक कर पारिवारिक सुख-समृद्धि की मंगल कामना की।

सावन माह में श्री दुर्गा धाम में भी भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी सावन के पावन अवसर पर भगवान शिव का विशेष पूजा-अर्चना एवं रूद्राभिषेक विधिवत संपन्न हुआ। साथ ही हसदेव गंगा तट से हसदेव नदी का जल भरकर श्री सिद्ध बाबा धाम जाने वाले कांवरियों का विभिन्न पड़ावों पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए, जहां भक्तों पर पुष्पवर्षा कर हर-हर महादेव के जयघोष गूंज उठे। कावरियों के इस भव्य स्वागत में श्री दुर्गा धाम आयोजन में समिति के प्रमुख सदस्यों इसमें भीमसेन सोनी, टिंगू सोनी, डॉ. प्रमोद सोनी, श्रीमती दुर्गा, संजय त्रिपाठी, अशोक गुप्ता, डब्बू, शिव केवट, अजय गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कांवर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए जलाभिषेक के लिए मार्गदर्शन किया। हसदेव नदी से जल लेकर श्रद्धालु बोल बम के जयकारों के साथ 5 किमी की यात्रा तय कर श्री सिद्धबाबा धाम पहुंचे और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। कोतमा, बिजुरी, रामनगर, राजनगर, खोंगापानी, झगराखाण्ड सहित अनूपपुर जिले और आसपास के ग्रामीण अंचल से हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर धर्म

# शिव मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम से किया गया पौधा वितरण



**बैकुण्ठपुर।** सावन के पावन सोमवार के अवसर पर बिशुनपुर हनुमान मंदिर एवं चरचा थाना स्थित शिव मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत श्रद्धालुगणों एवं क्षेत्रवासियों को पौधे वितरित किए गए। इस पर्यावरणीय अभियान का उद्देश्य मातृ-भक्ति को प्रकृति-संरक्षण से जोड़ते हुए हर घर तक हरियाली पहुंचाना था। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े (सभापति), वन विभाग समिति जनपद पंचायत बैकुंठपुर से जुड़े चरचा टीआई प्रमोद पांडे, पूर्व अध्यक्ष अंचल राजवाड़े, शिक्षक सुरेन्द्र राजवाड़े, नेतलाल राजवाड़े, अनुपम राजवाड़े, गुड्डा प्रशांत राजवाड़े, वार्ड पंच भूपेन्द्र राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, तरूण पैकरा, बिशुनपुर सरपंच राजाराम, रामजतन राजवाड़े, कुशा राजवाड़े, महामंत्री महिला मोर्चा संगीता गुप्ता, रामकुमार राजवाड़े, महेश राजवाड़े, अजय राजवाड़े ,मनोज राजवाड़े, प्यासेलाल, दिनेश कुर्रे, सुमित्रा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। आयोजन के अंत में सभी लोगों को तुलसी, नीम, आम एवं पीपल जैसे धार्मिक और औषधीय महत्व वाले पौधे वितरित किए गए।



# विद्युत विभाग के अधिकारियों ने लगाए 200 पौधे

**बैकुण्ठपुर।** सावन सोमवार के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैकुंठपुर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग के अधीक्षण यंत्री राजेश लकड़ा के दिशा-निर्देश में यह कार्यक्रम बैकुंठपुर सब स्टेशन, बुढ़ार सब स्टेशन, कार्यपालन यंत्री कार्यालय बैकुंठपुर एवं वितरण केन्द्र बैकुंठपुर परिसर में संपन्न हुआ। इस दौरान करीब 200 फलदार पौधों का रोपण किया गया। इनमें आम, जामुन, अमरूद और कटहल जैसे पौधे शामिल रहे। इस विशेष अवसर पर कार्यपालन यंत्री राजपति मिश्रा, जेई केशव चंद्रा, जेई ऊमा साहू सोनहत सहित काफी संख्या में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पौधों की देखभाल का भी संकल्प लिया।

# श्री दुर्गा पूजा समिति ने कराया भंडारा



**बैकुण्ठपुर।** सावन मास के पावन अवसर पर श्री दुर्गा पूजा समिति भवानी तिगड़ा द्वारा श्री दुर्गा मंदिर पीपल पेड़ के नीचे सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सावन के चौथे सोमवार को आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को दोपहर 2 से लेकर रात्रि 9 बजे तक प्रसाद स्वरूप भंडारा वितरित किया गया। समिति द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि हर सावन सोमवार को इसी प्रकार भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भक्तिमय वातावरण में सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रीय श्रद्धालु बड़ी आस्था और श्रद्धा के साथ शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बीएमएस यूनियन ...

कि बीएमएस का उद्देश्य मजदूरों को उनका हक और सम्मान दिलाना है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि कोल इंडिया में 50 प्रतिशत श्रम शक्ति देने वाले श्रमिकों को उनका न्याय मिले। जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी, संघर्ष जारी रहेगा। मजरुल हक अंसारी ने अपने वक्तव्य में सभी कार्यकर्ताओं को आंदोलन को योजना अनुसार और अनुशासित ढंग से संचालित करने की अपील की।अंत में यूनियन अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने मंचासीन पदाधिकारियों और उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी यूनियन अब एक बड़ी ताकत बन चुकी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील शर्मा, विनोद दुबे, जितेन्द्र श्रीवास्तव, लक्ष्मी प्रसाद, अशोक दुबे, प्रवीण डहरिया, शैलेश तिवारी, राम किशुन मौर्य, संतोष राव, राजेश सिंह, विजय सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

### मिठाई दुकानों और...

रायपुर भेजा गया है। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य मिलावटी या अस्वच्छ खाद्य पर रोक लगाना है। उपभोक्ताओं को जागरूक करना भी है ताकि वे ताजे, स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें। विभाग ने खाद्य विक्रेताओं को भी निर्देशित किया है कि वे व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ ही साफ-सुथरे बर्तनों, ताजे कच्चे माल और ढंके हुए खाद्य पदार्थों का उपयोग करें।

### मिष्ठान दुकानों में ...

दृष्टिगत रखते हुए खाद्य जनित बीमारियों, संक्रमण की रोकथाम एवं जन-सामान्य को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराए जाने के लिए विभाग प्रतिबद्ध है। स्ट्रीट फूड वेंडर्स, हैण्डलर, खाद्य सेवा प्रदायकर्ताओं से विशेषकर वर्षा ऋतु के दौरान खाद्य पदार्थों के सुरक्षित हैंडलिंग, खाद्य पदार्थ की स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, ताजे एवं स्वच्छ भोजन जन-सामान्य को परोसे जाने की अपेक्षा की जाती है। उक्त निर्देश के परिपालन में 4, 5 एवं 6 अगस्त को बने खाबो-बने रहिबो अभियान के तहत व्यापक तौर पर राज्य के संपूर्ण जिले के साथ जिला एमसीबी में भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा स्ट्रीट फूड वेंडर्स एवं खाद्य बनाकर परोसने वाले संस्थानों, रेस्टोरेंटों एवं मिठाई दुकानों का सघन जांच एवं निरीक्षण किया जाएगा। मौके पर उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस तारतम्य में जिले के मे. राहुल मिष्ठान भंडार, झगराखण्ड से खोया, मे. हजारी होटल, गांधी चौक, मनेन्द्रगढ़ सेपेड़ा एवं काजू कतली, मे. होरीलाल सुरेष चंद्र मिष्ठान भंडार, गांधी चौक, मनेन्द्रगढ़ से मगज लड्डू, मे. शुभम स्वीट्स, मनेन्द्रगढ़ से नारियल लड्डू और मे. जैन खोवा भंडार, मनेन्द्रगढ़ से खोवा का नमूना संकलित कर परीक्षण/विश्लेषण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर से परीक्षण/विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ छोटे खाद्य विक्रेताओं जैसे चाट फुल्की ठेला, मोमोज ठेला, चाउमीन ठेला इनको खाद्य सुरक्षा के नियमों से अवगत कराकर जागरूक किया जा रहा है। इनके द्वारा विक्रय किए जा रहे खाद्य सामग्रियों का चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर ही 52 खाद्य सामग्री की जांच कर उसके रिपोर्ट मानक एवं अवमानक की जानकारी दी गई है।

# सावन की हरियाली में रंगा जायसवाल समाज का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़

सावन न केवल हरियाली का बल्कि आस्था, उल्लास और परंपरा का महीना है। यह महीना नारी शक्ति की भावनाओं, सौंदर्य, सौम्यता और समाज में उसकी सांस्कृतिक भूमिका को उजागर करने का अवसर भी होता है। ऐसे ही भावों से सराबोर एक भव्य आयोजन का गवाह बना मनेन्द्रगढ़ का विमल श्री टॉकीज प्रांगण, जहां जायसवाल समाज की बहनों द्वारा सावन उत्सव को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

संस्कृति, सौंदर्य और सृजन का संगम-इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर भाग लिया और सावन की हरियाली को गीत, संगीत, नृत्य और लोक परंपराओं के माध्यम से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण और स्वागत गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को



भक्तिरस और सांस्कृतिक चेतना से भर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती प्रीति जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि सावन केवल ऋतु नहीं, बल्कि नारी के भीतर सृजन और सौंदर्य की ऊर्जा का पर्व है। इस तरह के आयोजन समाज की आत्मा को जोड़ने का कार्य करते हैं। उनके साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शशि जायसवाल ने की, जबकि संचालन और समन्वय की भूमिका में श्रीमती कामिनी जायसवाल, जया जायसवाल, सुनीता जायसवाल, रश्मि जायसवाल, अंबिका जायसवाल, माया जायसवाल तथा पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल प्रमुख रूप से सक्रिय रहीं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही सावन सुंदरी प्रतियोगिता। इसमें प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधानों और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों से सबका मन जीत लिया।

इस प्रतियोगिता में श्रीमती ज्योति जायसवाल को उनकी सुंदर प्रस्तुति और लोक परंपराओं के निर्वहन के लिए सावन सुंदरी का सम्मान दिया गया। उपस्थित महिलाओं ने तालियों की गूंज से उनका उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में श्रीमती अनीता जायसवाल, शकुंतला जायसवाल, शैल जायसवाल, सीमा जायसवाल, लता जायसवाल सहित अन्य समाज सेविकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में न केवल सहभागिता निभाई, बल्कि सावन के उल्लास को समाज के कोने-कोने तक पहुंचाने का कार्य भी किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल ने कहा कि सावन का यह पावन पर्व समाज में प्रेम, समृद्धि और आपसी सौहार्द का संचार करें तथा नारी सशक्तिकरण की प्रेरणा बनकर हर वर्ष यूं ही उल्लसपूर्वक मनाया जाता रहे।

### विश्व स्तनपान सप्ताह की शुरूआत

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। जिले की समस्त परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष स्तनपान को प्राथमिकता दें, स्थायी सहायता प्रणालियां बनाएं थीम के तहत यह सप्ताह मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य शिशुओं को कुपोषण से बचाकर उनके मानसिक और शारीरिक विकास को सुदृढ़ बनाना है। कार्यक्रमों के माध्यम से शिशुवती माताओं को स्तनपान के महत्व को समझाया गया तथा उन्हें प्रोत्साहित किया गया कि वे अपने नवजात शिशुओं को छः माह तक केवल स्तनपान कराएं और उसके बाद दो वर्ष तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान जारी रखें।

**Public Notice**

It is hereby informed that our firm M/s Kalpataru Agro Industries, having its earlier registered office at Oswal Complex, Gurunanak Chowk, Manendragarh, District Koriya (C.G.), and registered under Partnership Deed Registration No. 32/14-15, dated 26/04/2014, has shifted its registered office with effect from 5/8/2025 New Address- Village Lalpur, Tahsil Manendragarh, Post Office Manendragarh, District Koriya (C.G.) Therefore, it is hereby notified to the general public that with effect from 05/08/2025, all official correspondence and business activities of our firm shall be carried out from the new address mentioned above. This notice is being issued for the information of the general public.

**For- M/s Kalpataru Agro Industries, Partner Gautam Duggar, Address Oswal Complex, Ward No.-17, Infront of new Gurudwara, Manendragarh, (C.G.)**







